**प्रेरणा**

"मन के भरोसे बैठे रहने से कुछ नही मिलता है। इसकी बजाए आप कर्म करते रहेंगे तो अवश्य ही कुछ ना कुछ पाते रहेंगे। इसलिए हमेशा कर्म करते रहे क्योंकि यही आपको आगे सफल बनाएगा।"

सच कहने की ताकत — साप्ताहिक समाचार पत्र

# जालंधर ब्रीज

जल है तो कल है

www.jalandharbreeze.com • JALANDHAR BREEZE • WEEKLY • YEAR-6 • 02 MAY TO 08 MAY 2025 • VOLUME 40 • PAGE-4 • RATE-3.00/- • RNI NO.: PUNHIN/2019/77863



Lic No : 933/ALC-4/LA/FN:1184

INNOVATIVE TECHNO INSTITUTE — CONSULTING | DESIGN | TRAINING

ISO CERTIFIED 2015 COMPANY

CONFUSED ABOUT CAREER!

Unsure of what to do after 10th/12th/Graduation?

Whether to Study in India or Abroad?

What should I do after 10th-Science, Commerce or Arts?

Should I consider Computer or Mechanical Engineering?

What is better for me - MBA in Marketing or MBA in Finance?

Should I pursue Chartered Accountancy or Law after 12th?

Do I have the aptitude for Architecture and Designing?

Get Career Guidance from our Expert Career Counseling Team Free of Cost

E-mail : hr@innovativetechin.com • Website : www.innovativetechin.com • FB/Innovativetechin • Contact : 9317776662, 9317776663

REGIONAL OFFICE : S.C.O No. 10 Gopal Nagar, Near Batra Palace, Jal. HEAD OFFICE : S.C.O No. 21-22, Kuldip Lal Complex, Highway Plaza GT Road, Adjoining Lovely Professional University, Phagwara. *T&C apply


## चुन-चुन कर लिया जाएगा बदला दहशतगर्दों को शाह का कड़ा संदेश

### अपनी पहली सार्वजनिक टिप्पणी में कहा- लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई

**नई दिल्ली.** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को पहलगाम हमले में शामिल आतंकवादियों को चेतावनी दी कि उन्हें यह नहीं सोचना चाहिए कि उन्होंने युद्ध जीत लिया है। पहलगाम के बाद अपनी पहली सार्वजनिक टिप्पणी में शाह ने कहा कि लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है। आतंकवादियों को यह नहीं सोचना चाहिए कि हमारे 27 लोगों को मारने के बाद उन्होंने युद्ध जीत लिया है। उन्होंने एक कार्यक्रम में बोलते हुए कहा कि पहलगाम में नागरिकों की हत्या करने वाले हर एक आतंकवादी की तलाश की जाएगी और उसे दंडित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार आतंकवाद को जड़ से उखाड़ फेंकेगी और पहलगाम आतंकी हमले का जवाब देगी।



शाह ने कहा कि मैं आज जनता से कहना चाहता हूं कि 90 के दशक से कश्मीर में आतंकवाद चलाने वालों के खिलाफ हम जीरो टॉलरेंस की नीति पर मजबूती से लड़ रहे हैं। आज आतंकवादी ये न सोचें कि हमारे नागरिकों की जान लेकर उन्होंने जंग जीत ली है। मैं आतंक फैलाने वालों से कहना चाहता हूं कि ये जंग खत्म नहीं हुई है, हर एक को मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमने हर चीज का कड़ा जवाब दिया है, चाहे वो नॉर्थ ईस्ट हो, वामपंथी उग्रवाद के इलाके हों या कश्मीर में आतंकवाद का साया हो।

अमित शाह ने हुंकार भरते हुए कहा कि अगर कोई सोचता है कि कायराना हमला करके उसने अपनी बड़ी जीत हासिल कर ली है, तो समझ लीजिए ये नरेंद्र मोदी सरकार है, किसी को बख्शा नहीं जाएगा। इस देश के हर एक इंच से आतंकवाद को उखाड़ फेंकना हमारा संकल्प है। बोडोफा उपेंद्रनाथ ब्रह्मा की विरासत को सम्मानित करने के लिए सड़क और प्रतिमा के उद्घाटन समारोह में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि आज मुझे कैलाश कॉलोनी में बोडोफा के सम्मान में प्रतिमा का अनावरण और सड़क का उद्घाटन करने का अवसर मिला है।

उन्होंने कहा कि यह प्रतिमा न केवल बोडो समुदाय के लिए बल्कि उन सभी छोटी जनजातियों के लिए भी महत्वपूर्ण है जिन्होंने अपनी भाषा, संस्कृति और विकास के लिए संघर्ष किया। बोडोफा की प्रतिमा न केवल बोडो समुदाय बल्कि ऐसी सभी छोटी जनजातियों का सम्मान बढ़ाती है। उन्होंने कहा कि असम बोडोलैंड के लोगों को स्वीकार करता है और बोडोलैंड असम को स्वीकार करता है। आज बोडोलैंड से बहुत सारे लोग मेरी बात सुन रहे हैं, मैं कहना चाहता हूँ कि आप सभी को किसी भी तरह की हीन भावना नहीं रखनी चाहिए। इस देश पर जितना हक मेरा है उतना ही आपका भी है। 9 महीने की विस्तृत चर्चा के बाद 2020 में बोडो समझौते पर हस्ताक्षर हुए और सभी लोग आज हथियार डालकर मुख्यधारा में शामिल हो गए हैं। मैं बोडोलैंड के लोगों से कहना चाहता हूँ कि हमने आपके साथ किए गए समझौते के 96% मुद्दों को सुलझा लिया है।

## पंजाब पुलिस की बर्खास्त महिला कॉन्स्टेबल को मिली जमानत

**बठिंडा.** पंजाब पुलिस की बर्खास्त महिला कॉन्स्टेबल व इंस्टा क्वीन अमनदीप कौर को बठिंडा अदालत ने बड़ी राहत दी है। पुलिस द्वारा उसके खिलाफ दर्ज केस में चालान पेश नहीं किए जाने पर वीरवार को अदालत ने उसकी जमानत याचिका को मंजूर करते हुए 50 हजार रुपये के बॉन्ड पर उसे जमानत दे दी। इसके बाद अमनदीप कौर शुक्रवार यानी आज केंद्रीय जेल बठिंडा से रिहा हो सकती है। महिला आरोपित अमनदीप कौर ने अपने वकील के जरिए बीती 29 अप्रैल को जिला अदालत में आवेदन देकर जमानत मांगी थी। वीरवार को अदालत ने दोनों पक्षों के वकीलों की दलीलें सुनने के बाद अमनदीप कौर को जमानत देने का फैसला किया। पुलिस ने पंजाब पुलिस की बर्खास्त महिला कॉन्स्टेबल अमनदीप कौर को बीती 2 अप्रैल को 17.71 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया था।



## नंगल डैम पहुंचे सीएम, कहा- पानी की एक बूंद भी चोरी नहीं करने दूंगा

• **जालंधर ब्रीज.** नंगल (रूपनगर)



पंजाब के पास किसी और को देने के लिए एक भी बूंद अतिरिक्त न होने की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी) तानाशाही ढंग से पंजाब को हुक्म चलाकर हरियाणा को पानी नहीं छोड़ सकता। यहां पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा पहले ही अपने हिस्से के आवंटित पानी से 16000 क्यूसेक पानी अधिक इस्तेमाल कर चुका है। उन्होंने कहा कि राजस्थान और हरियाणा ने पंजाब के पानी पर डाका डालने के लिए आपस में गठजोड़ कर लिया है और बी.बी.एम.बी. ने कानून की धज्जियां उड़ाकर हरियाणा को 8500 क्यूसेक पानी देने का फैसला कर लिया जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। भगवंत सिंह मान ने कहा कि बी.बी.एम.बी. में पंजाब का 60 फीसदी हिस्सा है और बोर्ड का यह फैसला मनमाना, तानाशाही और गैर-लोकतांत्रिक है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बीबीएमबी को पंजाब और इसके हितों को दरकिनार करके किसी को पानी देने का कोई हक नहीं है और किसी भी सूरत में ऐसा होने की अनुमति नहीं दी जाएगी। भगवंत सिंह मान ने कहा कि जैसे एक किसान हर वक्त अपने हिस्से के पानी की रक्षा करता है, उसी तरह पंजाब और इसके पानी का रखवाला होने के नाते मैं यहां प्रबंधों का निरीक्षण करने के लिए आया हूं ताकि कोई भी पंजाब के पानी की चोरी न करे। पंजाब सरकार किसी को भी राज्य के पानी को लूटने की इजाजत नहीं देगी और इस बारे में पहले ही उचित योजना बनाई जा चुकी है।

### 'आप' ने कल सर्वदलीय बैठक बुलाई, सोमवार को विधानसभा का विशेष सत्र

आम आदमी पार्टी (आप) पंजाब के अध्यक्ष अमन अरोड़ा ने पंजाब के जल अधिकारों के ज्वलंत मुद्दे पर पार्टी पदाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। अपने कैबिनेट सहयोगियों, विधायकों और वरिष्ठ नेताओं के साथ मीटिंग में अरोड़ा ने भाजपा नीत केंद्र सरकार द्वारा पंजाब के प्राकृतिक संसाधनों का लगातार शोषण की निंदा की। आम आदमी पार्टी ने आज सुबह 10 बजे सर्वदलीय बैठक बुलाई है, जिसमें पंजाब के सभी राजनीतिक दलों को इस मुद्दे पर स्पष्ट रुख अपनाने के लिए आमंत्रित किया गया है। पंजाब सरकार ने सोमवार को पंजाब विधानसभा का विशेष सत्र भी बुलाया है ताकि पंजाब के जल संसाधनों की रक्षा के लिए सदन में चर्चा की जा सके

## पनसप का जनरल मैनेजर रिश्वत लेते काबू, सरकारी गाड़ी भी जब्त

**चंडीगढ़ (जालंधर ब्रीज).** पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने प्रदेश में भ्रष्टाचार के खिलाफ चल रही मुहिम के दौरान पनसप के जनरल मैनेजर अजीत पाल सिंह सैनी, जिनके पास खरीद, भंडारण, वाणिज्यिक, निर्माण और मुख्य विजिलेंस अधिकारी (सीवीओ) का भी चार्ज है, को एक लाख रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। राज्य विजिलेंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने कहा कि यह गिरफ्तारी फिरोजपुर जिले के रहने वाले एक व्यक्ति द्वारा दर्ज करवाई गई शिकायत के बाद की गई है।



शिकायतकर्ता ने आरोपी की बातचीत ऑडियो रिकॉर्ड कर ली, जिसमें आरोपी ने पहली किश्त के रूप में 2,00,000 रुपए की मांग की। इससे पहले जिला मैनेजर फिरोजपुर और पनसप फिरोजपुर के 2 इंस्पैक्टरों को भी इसी मामले में विभाग द्वारा निलंबित किया गया है। विजिलेंस ब्यूरो के थाने, फ्लाइंग स्क्वाड-1, पंजाब मोहाली में मामला दर्ज किया गया है। विजिलेंस ब्यूरो की टीम ने उसके कब्जे से 1,00,000 रुपए की रिश्वत बरामद की है और आरोपी की सरकारी गाड़ी, जिसमें वह पैसे लेने के लिए मौके पर आया था, को भी जब्त कर लिया गया है। प्रवक्ता ने कहा कि उसे कल सक्षम अदालत में पेश किया जाएगा।

## हथियार तस्करी केस में फरार मुलजिम की तलाश करते हुए 5 किलो हेरोइन बरामद

• **जालंधर ब्रीज.** अमृतसर

पंजाब पुलिस द्वारा फरार मुलजिम जोधबीर सिंह उर्फ जोधा, जो कि पाकिस्तान-आधारित गैर-कानूनी हथियारों की तस्करी में वांछित है, की लगातार तलाश के परिणामस्वरूप अमृतसर में उसके किराए के ठिकाने से 5 किलोग्राम हेरोइन बरामद की गई। यह जानकारी आज यहां डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव ने दी। यह सफलता काउंटर इंटेलिजेंस अमृतसर द्वारा जोधबीर के साथी अभिषेक कुमार निवासी गांव मीरांकोट कलां, अमृतसर जो अपने ऑस्ट्रेलिया स्थित हैंडलर जस्सा के निर्देशों पर समाज विरोधी तत्वों को हथियार सप्लाई कर रहा था, को गिरफ्तार करने के चार दिन बाद हासिल हुई है।




पुलिस टीमों ने उसके कब्जे से सात पिस्तौल और 1.5 लाख रुपये बरामद करने के अलावा हथियारों की तस्करी के लिए इस्तेमाल की जा रही उसकी महिंद्रा थार गाड़ी को भी जब्त कर लिया था।

डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि ऑस्ट्रेलिया स्थित हैंडलर जस्सा और उसके साथी - जिनके पाकिस्तान आधारित तस्करों से संबंध हैं - मुलजिम जोधबीर को हेरोइन की खेप प्राप्त करने और इसे आगे विभिन्न स्थानों पर डिलीवर करने के निर्देश दे रहे थे।

## पहलगाम हमले को लेकर पाकिस्तान पर भड़के फारूक अब्दुल्ला

**श्रीनगर.** नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रमुख फारूक अब्दुल्ला ने गुरुवार को पाकिस्तान को एक असफल राज्य करार दिया और कहा कि पाकिस्तान पर अगर उसकी सेना का नियंत्रण है तो वह भारत के साथ कोई दोस्ती नहीं होगी। अब्दुल्ला ने यह भी कहा कि पाकिस्तान के लोग भारत के साथ दोस्ती चाहते हैं, लेकिन देश की सेना ऐसा नहीं चाहती। उन्होंने कहा कि इस स्थिति के कारण सबसे ज्यादा कश्मीरी लोग पीड़ित हैं। एनसी प्रमुख की टिप्पणी पहलगाम आतंकवादी हमले को लेकर दोनों देशों के बीच बिगड़ते संबंधों के मद्देनजर आई है जिसमें 27 पर्यटकों की जान चली गई थी।



पहलगाम हमले पर बोलते हुए फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि यह सुरक्षा और खुफिया चूक का मामला था। पाकिस्तान को यह पसंद नहीं आया कि हम अपनी ज़िंदगी बहुत अच्छी तरह जी रहे हैं। हमारे लोगों में भी दुष्प्रचार फैलाया गया। इसलिए पाकिस्तान ने यह हमला किया। लेकिन उन्होंने इस बात पर ध्यान नहीं दिया कि इसका भारत में मुसलमानों पर क्या असर पड़ने वाला है। पिछले 10 सालों से एक नैरेटिव चल रहा है, मुसलमानों को पूरी तरह से खत्म करने के लिए, हमारी मस्जिदों को जलाने के लिए। हम पहले से ही इससे निपट रहे थे।

## संवैधानिक दायित्वों का निर्वहन हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी : उपराष्ट्रपति

• **जालंधर ब्रीज.** लखनऊ

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की पुस्तक 'चुनौतियां मुझे पसंद है' के विमोचन समारोह में मुख्य अतिथि के तौर संबोधित करते हुए उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि लोग कई बार कहते हैं कि जनता की याददाश्त कमज़ोर होती है और सोचते हैं कि समय के साथ सब बातें भुला दी जाएंगी। लेकिन ऐसा होता नहीं है। क्या हम इमरजेंसी को भूल गए हैं? बहुत समय बीत गया है, लेकिन इमरजेंसी की काली छाया आज भी हमें दिखाई देती है। यह भारतीय इतिहास का सबसे अंधकारमय काल था। कोई भी अपराध हो, उसका समाधान कानून के अनुसार ही होना चाहिए। और यदि कोई अपराध आम जनमानस को झकझोरता है, तो उस पर पर्दा नहीं डाला जा सकता। मैंने इस बात को पूरी स्पष्टता से कहा है। कुछ लोगों ने मुझसे पूछा कि आप इस विषय पर इतने बेबाक क्यों हैं? मुझे बहुत प्रेरणा मिली राज्यपाल की पुस्तक से। और मैंने यह स्पष्ट किया है कि मुझे चुनौतियाँ पसंद हैं और संवैधानिक दायित्वों का निर्वहन करना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। इसमें कोई कोताही स्वीकार नहीं की जा सकती। उप-राष्ट्रपति धनखड़ ने कहा कि हमारे संविधान में दो पद सर्वोच्च माने गए हैं— एक है भारत के राष्ट्रपति का और दूसरा राज्यपाल का।



## वेव्स ने वैश्विक मंच पर भारत की रचनात्मक क्षमताओं को उजागर किया : पीएम

### कहा- आज भारत फिल्म निर्माण, डिजिटल कंटेंट, गेमिंग, फैशन, संगीत और लाइव कॉन्सर्ट के लिए एक वैश्विक केंद्र के रूप में उभर रहा ह

• **जालंधर ब्रीज.** मुंबई

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुंबई के जियो वर्ल्ड सेंटर में भारत के अपनी तरह के पहले विश्व दृश्य-श्रव्य और मनोरंजन शिखर सम्मेलन वेव्स-2025 का उद्घाटन किया। इस मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने गुरुवार को मनाए जा रहे महाराष्ट्र दिवस और गुजरात राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर सभी को बधाई दी। रचनात्मक उद्योग से जुड़े सभी अंतरराष्ट्रीय गणमान्य व्यक्तियों, राजदूतों और प्रमुखों की उपस्थिति को स्वीकार करते हुए प्रधानमंत्री ने इस आयोजन के महत्व का उल्लेख करते हुए इस बात पर जोर दिया कि 100 से अधिक देशों के कलाकार, नवोन्मेषक, निवेशक और नीति निर्माता प्रतिभा और रचनात्मकता के वैश्विक इकोसिस्टम की आधारशिला रखने के लिए एक साथ एक मंच पर आए हैं। उन्होंने कहा कि वेव्स केवल एक संक्षिप्त नाम नहीं है, बल्कि संस्कृति, रचनात्मकता और सार्वभौमिक संपर्क का प्रतिनिधित्व करने वाली एक लहर है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह शिखर सम्मेलन फिल्मों, संगीत, गेमिंग, एनीमेशन और कहानी कहने की विशाल दुनिया को प्रदर्शित करने के साथ-साथ कलाकारों और रचनाकारों को जुड़ने और सहयोग करने के लिए एक वैश्विक मंच प्रदान करता है। पीएम ने इस ऐतिहासिक अवसर पर सभी प्रतिभागियों को बधाई दी और भारत और विदेश से आए विशिष्ट अतिथियों का पूर्ण उत्साह के साथ स्वागत किया।




वेव्स शिखर सम्मेलन में भारत के समृद्ध सिनेमाई इतिहास पर विचार करते हुए, श्री मोदी ने कहा कि 3 मई, 1913 को भारत की पहली फीचर फिल्म राजा हरिश्चंद्र रिलीज़ हुई थी, जिसका निर्देशन अग्रणी फिल्म निर्माता दादा साहब फाल्के ने किया था। उन्होंने स्मरण किया कि दादा साहब फाल्के की जयंती एक दिन पहले ही मनाई गई थी। उन्होंने पिछली शताब्दी में भारतीय सिनेमा के प्रभाव को रेखांकित करते हुए कहा कि इसने भारत के सांस्कृतिक सार को दुनिया के हर कोने में सफलतापूर्वक पहुंचाया है। उन्होंने रूस में राज कपूर की लोकप्रियता, कान्स में सत्यजीत रे की वैश्विक पहचान और आरआरआर की ऑस्कर विजेता सफलता का उल्लेख करते हुए इस बात पर जोर दिया कि कैसे भारतीय फिल्म निर्माता वैश्विक आख्यानों को आकार देना जारी रख हुए हैं। उन्होंने गुरु दत्त की सिनेमाई कविता, ऋत्विक घटक के सामाजिक प्रतिबिंब, एआर रहमान की संगीत प्रतिभा और एसएस राजामौली की महाकाव्य कहानी कहने की कला को भी स्वीकार करते हुए कहा कि इनमें से प्रत्येक कलाकार ने दुनिया भर में लाखों लोगों के लिए भारतीय संस्कृति को जीवंत किया है। मोदी ने कहा कि भारतीय सिनेमा के दिग्गजों को स्मारक डाक टिकटों के माध्यम से सम्मानित किया गया, जो उद्योग में उनके योगदान के प्रति श्रद्धांजलि है। भारत की रचनात्मक क्षमता और वैश्विक सहयोग के महत्व पर बल देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में, उन्होंने गेमिंग, संगीत, फिल्म निर्माण और अभिनय के पेशेवरों के साथ विचारों और अंतर्दृष्टिकोण पर चर्चा की है, जिससे रचनात्मक उद्योगों के बारे में उनकी समझ गहरी हुई है।

उन्होंने महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के दौरान की गई एक अनूठी पहल की जानकारी दी, जहां 150 देशों के गायक लगभग 500-600 वर्ष पहले नरसिंह मेहता द्वारा लिखे गए भजन 'वैष्णव जन तो' का प्रदर्शन करने के लिए एक साथ आए थे। उन्होंने कहा कि इस वैश्विक कलात्मक प्रयास ने एक महत्वपूर्ण प्रभाव उत्पन्न किया, जिससे दुनिया एक साथ सद्भाव के लिए एक मंच पर आई।

### वेव्स मनोरंजन उद्योग के लिए महत्वपूर्ण मंच : शाहरुख

अभिनेता और फिल्म निर्माता शाहरुख खान ने फिल्म उद्योग की ओर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को वेव समिट की संकल्पना करने और उसे एक साथ लाने के लिए आभार व्यक्त किया है जिसमें मनोरंजन उद्योग को और मजबूत बनाने की क्षमता है। उन्होंने बताया कि यह मंच उद्योग के लिए खासा प्रासंगिक है और यह विभिन्न मोर्चों पर सरकार से बहुत जरूरी तालमेल बनाएगा और समर्थन प्रदान करेगा। भारत में फिल्म शूटिंग के लिए अपार संभावनाओं के बारे में बात करते हुए खान ने बताया कि कैसे भारत अंतरराष्ट्रीय फिल्म निर्माताओं के लिए 'भारत में शूटिंग' करने का अगला गंतव्य बन सकता है।

खान ने टियर-2 और टियर-3 शहरों के दर्शकों के लिए भारतीय सिनेमा को और अधिक किफायती बनाने पर भी जोर दिया। उन्होंने इन शहरों में सिंगल-स्क्रीन सिनेमा का अनुभव लाने का विचार रखा, जिससे फिल्मों को बड़ी संख्या में दर्शकों तक पहुंचने में मदद मिलेगी। अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने भी वेव्स के महत्व के बारे में अपने विचार साझा किए और इसे मीडिया एवं मनोरंजन उद्योग के विभिन्न माध्यमों को एक साथ लाने वाला एक समयबद्ध हस्तक्षेप बताया। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र के विभिन्न अंग (वर्टिकल) अभी तक कम तालमेल के साथ अलग-अलग काम कर रहे थे, जबकि वेव्स का दायरा व्यापक है और इसमें फिल्मों, ओटीटी, एनिमेशन, एआई और अन्य इमर्सिव तकनीकों को एक साथ जोड़ने की संभावनाएं हैं। वेव समिट के पहले दिन के मौके पर बोलते हुए, अभिनेता शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण ने फिल्म निर्माता करण जौहर के साथ 'द जर्नीः फ्रॉम आउटसाइडर टू रूलर' नामक एक सत्र में गहन बातचीत की।



# क्या होता है ऑरेंज, रेड अलर्ट, मौसम पर आईएमडी देता है अलग-अलग चेतावनी

• **जालंधर ब्रीज.** फीचर

WEATHER

क्या आप जानते हैं आईएमडी की तरफ से जारी किए गए किस रंग का कोड या चेतावनी का क्या मतलब होता है। अगर नहीं, तो आपको बताते हैं किस रंग के कोड का क्या मतलब होता है।




भीषण गर्मी हो या सर्दी की लहर आपने अकसर टीवी, मोबाइल पर न्यूज देखते हुए भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) को मौसम संबंधी जानकारी और चेतावनियां देते हुए कई बार सुना होगा।

बता दें, आईएमडी मौसम से जुड़ी गंभीरता और संभावित प्रभावों को बताने के लिए चार रंग के कोड का यूज करता है। ये सभी चारों रंग के कोड देश में बारिश, चक्रवात, तूफान, गर्मी, बर्फबारी जैसी स्थिति की जानकारी देने के लिए जारी किए जाते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कौन से रंग का कोड किस चेतावनी की तरफ इशारा करता है। अगर नहीं, तो आपको बताते हैं किस रंग के कोड का क्या मतलब होता है।

### हरा रंग

आईएमडी के हरे रंग के कोड का मतलब होता है कि सब ठीक है। यह रंग बताता है कि मौसम की सामान्य स्थिति बनी हुई है। किसी तरह का कोई खतरा नहीं होने की वजह से किसी तरह की कार्रवाई की आवश्यकता नहीं है।

### पीला रंग

पीला रंग सतर्क रहने की तरफ इशारा करता है। यह कोड संभावना जताता है कि मौसम की स्थिति कई दिन तक खराब बनी रह सकती है। मौसम बिगड़ने की वजह से लोगों के रोजमर्रा के काम प्रभावित हो सकते हैं। ऐसे में नियमित रूप से मौसम अपडेट्स लेने के साथ छोटी-छोटी सावधानियां भी जरूर बरतें।

### नारंगी रंग

नारंगी रंग का कलर-कोडेड अलर्ट अत्यधिक खराब मौसम की चेतावनी देता है। यह रंग सड़क, रेल, और हवाई यातायात में रुकावट, बिजली आपूर्ति में व्यवधान जैसी समस्याओं के लिए व्यक्ति को पहले से ही तैयार रहने के लिए अलर्ट करता है। उदाहरण के लिए आपदा प्रबंधन की तैयारी करें, आवश्यक सामान स्टॉक करें, और यात्रा से बचें।

### लाल कलर-कोड

लाल रंग के कलर कोड का मतलब होता है कि तुरंत कार्रवाई करें। इसका मतलब होता है कि मौसम की स्थिति अत्यंत गंभीर है, जो जीवन और संपत्ति के लिए खतरा बन सकती है। इसमें बाढ़, बिजली कटौती, यातायात पूरी तरह बंद, और बड़े पैमाने पर नुकसान शामिल हो सकता है। यह कोड सलाह देता है कि तुरंत सुरक्षित स्थान पर जाएं, आपदा प्रबंधन निर्देशों का पालन करें, और गैर-जरूरी गतिविधियां बंद करें।




### सलाह


आप मौसम से जुड़े नियमित अपडेट्स देखने के लिए IMD की आधिकारिक वेबसाइट (www.imd.gov.in) या सोशल मीडिया (@Indiametdept) पर जा सकते हैं।

---

HEALTH BENEFITS

# मन रहेगा खुश तो तन रहेगा तंदुरुस्त, जानिए मानसिक तौर पर खुद को फिट रखने के तरीके

शारीरिक सेहत पर तो खूब बातें होती हैं, पर मन की सेहत को लोग अकसर अनदेखा कर देते हैं। जबकि सच्चाई यह है कि तन और मन दोनों की सेहत आपस में जुड़े हुए हैं। कैसे इस पहेली को सुलझाएं, बता रही हैं एक्सपर्ट...



• **जालंधर ब्रीज .** फीचर

बढ़ती उम्र और बीमारियों का डर। एक बारगी हमें अपनी शारीरिक सेहत पर ध्यान देने, उस ओर सोचने पर मजबूर करती है। पर, मानसिक सेहत कहीं पीछे छूट जाती है। पर क्या आप यह जानती हैं कि हमारी शारीरिक सेहत काफी हद तक हमारी मानसिक सेहत पर निर्भर करती है? तनाव से हृदय रोग, उच्च रक्तचाप, मधुमेह जैसी बीमारियों का खतरा आम हो चुका है। मनोचिकित्सक एक्सपर्ट के अनुसा कई बार तो सांस लेने में तकलीफ, दिल की धड़कन का तेज होना, मांसपेशियों में तनाव, थकान, सिरदर्द, पेट से जुड़ी समस्याओं सरीखे लक्षण चिंता और तनाव के कारण आते हैं। भारत में महिलाओं के साथ ये समस्याएं ज्यादा हैं। आंकड़े बताते हैं कि प्रत्येक दस में से छह महिलाएं अपने जीवनकाल में कभी न कभी अवसाद से गुजरती हैं। इतना ही नहीं, सर्वेक्षण बताते हैं कि 77 फीसदी भारतीय नियमित रूप से तनाव के कम से कम एक संकेत को प्रदर्शित करते हैं।

रिपोर्ट में यह भी दर्शाया गया है कि ऑफिस में विशेष रूप से जेनरेशन जेड महिलाओं की सेहत का स्तर गिरा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की मानें तो 3.8 करोड़ भारतीय चिड़चिड़ेपन के शिकार हैं। इसके लक्षण शारीरिक सेहत पर नींद आने में परेशानी, घबराहट, जरूरत से ज्यादा चिंता, जी मिचलाना, अप्रिय घटना की आशंका आदि के रूप में असर डालते हैं। मानसिक और शारीरिक सेहत के बीच बेहतर सामंजस्य बिठाने में कुछ बातें मददगार साबित हो सकती हैं:

### महसूस करें बेहतर

तनाव, चिड़चिड़ापन, अवसाद, अरुचि आप कब महसूस करती हैं? जब आप सकारात्मक, सार्थक महसूस नहीं कर रही होती हैं। लिहाजा, खुद को ऐसे काम में मसरूफ करें जो आप आपको अच्छा महसूस कराने के साथ ही सार्थक भी लगे। इस बाबत डॉ. स्मिता कहती हैं कि जब हम अपनी रुचि का काम करते हैं, तब हमारे शरीर में एंडोर्फिन नाम के हार्मोन का स्राव होता है, जिसे हम गुड हार्मोन भी कहते हैं। ऐसा करके आप खुश रहने की ओर कदम बढ़ा पाएंगी और खुद की मानसिक सेहत को दुरुस्त रख पाएंगी।

### व्यायाम आएंगे काम

अध्ययन कहते हैं कि व्यायाम आपके दिमाग को थकान के प्रति अधिक प्रतिरोधी बनाता है। अपनी दिनचर्या में व्यायाम को जगह दीजिए। दिन में योग, प्राणायाम, व्यायाम जो कुछ भी आपको अच्छा लगे, वह कर लीजिए। रात में बिस्तर पर जाने से पहले कुछ प्रयोग कर सकती हैं। आप ध्यान कर सकती हैं, अपनी आस्था के मुताबिक जाप कर सकती हैं। उसके साथ शवासन भी आपके शरीर के साथ ही मन को भी शांत करने में मददगार साबित होता है। आप उसे भी कर सकती हैं।

### थोड़ा आलस भी है जरूरी

हम ढेर सारा काम करते हैं। पूरे हफ्ते दौड़ते हैं। यहां तक कि अपने खाली पलों में भी कभी इंटरनेट तो कभी कुछ और कामों में व्यस्त रहते हैं। बेहतर होगा कि हम हफ्ते भर के कामों का नियोजन करें और खुद के आराम, खुद को तरोताजा रखने के लिए समय निकालें। आपका ऐसा करना आपको मानसिक थकान से बचाएगा।

### स्क्रीन से रहें दूर

आंकड़े बताते हैं कि जेनरेशन जेड इंस्टाग्राम पर प्रतिदिन औसतन 45 मिनट बिताता है जो कि प्रति सप्ताह 6 घंटे के बराबर है। विभिन्न शोध इस बात की तसदीक करते हैं कि सोशल मीडिया लोगों के मानसिक स्वास्थ्य पर नकरात्मक प्रभाव डालता है। लिहाजा, बेहतर होगा कि खासतौर से रात में स्क्रीन से दूरी बनाकर रखी जाए। जानकार बताते हैं कि मेलाटोनिन हार्मोन नींद के लिए जिम्मेदार होता है, जिसका स्राव अंधेरे में ही होता है। आंखों पर रोशनी पड़ने से इसका स्राव कम हो जाता है, नतीजा नींद में कमी।

### ये भी आजमाएं

- खुद के लिए ऐसे काम चुनें, जिसे करने में आपको मजा आए।
- प्राथमिकता के मुताबिक काम चुनें और उन्हें नियोजित रूप से पूरा करें। खुद को काम और जिम्मेदारियों के बोझ में न डुबोएं।
- लोगों को ना कहना भी सीखें। हर किसी को हर काम के लिए हामी भरने के कारण आप पर जिम्मेदारियों का बोझ बढ़ने लगता है और धीरे-धीरे आपकी यह आदत आपके लिए आफत बन जाती है।

***डिस्क्लेमर :** यह लेख मात्र सामान्य जानकारी के लिए है। किसी भी प्रयोग से पहले विशेषज्ञ की राय अवश्य लें।*

---

# मशरूम की सब्जी बनाने से पहले ऐसे साफ करना है जरूरी, जाने सही तरीका

मशरूम की सब्जी बनाने से पहले उसे साफ करना जरूरी होता है। नमी में पैदा होने की वजह से इसमे बैक्टीरिया सबसे ज्यादा होते हैं। इसलिए जान लें मशरूम साफ करने का सही तरीका और साथ ही सड़े हुए मशरूम को भी पहचानें।




• **जालंधर ब्रीज.** रेसिपी

मशरूम का टेस्ट जितना अच्छा होता है। हेल्थ के लिए भी ये उतना ही फायदेमंद है। मशरूम में कई मिनरल्स और विटामिंस होते हैं। खासतौर पर धूप में सूखे मशरूम विटामिन डी का रिच सोर्स होते हैं। लेकिन काफी सारे लोगों को मशरूम इस्तेमाल करने का सही तरीका नहीं पता होता। कुछ लोग इसे सीधे पैकेट से निकालकर इस्तेमाल कर लेते हैं तो कुछ जरा से गंदे दिखने पर सड़ा हुआ समझकर फेंक देते हैं। अगर आप इन दोनों से कोई एक भी गलती करते हैं तो जान लें मशरूम को साफ करने और खराब मशरूम पहचानने का सही तरीका।

### मशरूम को साफ करने का सही तरीका

मशरूम को सीधे पैकेट से निकालकर धो कर पका लेते हैं तो ये पूरी तरह से गलत है। मशरूम को भी बाकी सब्जियों की तरह धोकर छीलने की जरूरत होती है। दरअसल, मशरूम के नीचे की डंठल को निकालने के बाद ऊपर के हिस्से पर पतली छिलके जैसी परत होती है। जिसे किसी उबले आलू के छिलके जैसे हल्के हाथ से निकाला जा सकता है। ये परत निकल जाने के बाद मशरूम बिल्कुल साफ और हाइजीन से भरपूर हो जाता है। जिसे धोने के बाद इस्तेमाल में ले जाएं।

### मशरुम को हल्दी

### नमक के पानी से धोएं

मशरूम के ऊपर के छिलके को निकालने के बाद इसे गुनगुने पानी में नमक और हल्दी डालकर दो मिनट के लिए भिगोएं और फिर निकालकर पेपर टॉवेल पर सुखा लें। ज्यादा देर भीगने से ये पानी सोख लेगा इसलिए फौरन ही इसे सुखाएं।

### कैसे पहचानें कि मशरुम खराब हो चुके हैं

- सबसे पहले तो मशरूम को मार्केट से फ्रेश खरीदकर लाएं और इस्तेमाल कर लें। अगर दो से चार दिन के लिए फ्रिज में रखना है तो प्लास्टिक के पैकेट से निकालकर किसी पेपर टॉवेल में लपेटकर रखें। इससे मशरूम आराम से तीन से चार दिन तक खराब नहीं होंगे।
- लेकिन मशरूम अगर सिकुड़े हुए और चिपचिपे, बदबूदार लग रहे हैं तो फौरन फेंक दें। खराब मशरूम हेल्थ के लिए हार्मफुल हो सकते हैं।
- काले-भूरे या बदरंग से दिख रहे मशरूम को भूलकर भी ना खाएं। कई बार मशरूम चोटिल हो जाते हैं और उन पर निशान बन जाते हैं। अगर ये निशान बिल्कुल ताजे हैं तो ठीक नहीं तो इन्हें फेंक देने में ही समझदारी है।

---

# बच्चे की उछल-कूद से हो गए हैं परेशान ऐसे करें हाइपर एक्टिव बच्चे को डील



• **जालंधर ब्रीज .** फीचर

PARENTING

अपने बच्चे को अच्छी परवरिश देने के लिए सभी पेरेंट्स अपनी तरफ से पूरी कोशिश करते हैं। बावजूद इसके हर बच्चा अलग होता है, कुछ बच्चे स्वभाव से थोड़े शरारती होते हैं तो कुछ गंभीर या शर्मीले होते हैं। लेकिन आपको अगर लगता है कि आपका बच्चा सारा दिन उछल-कूद करता रहता है, कहने पर भी एक जगह टिककर नहीं बैठता है, उसका ध्यान शरारतों में लगा रहता है तो आपको बता दें, वो हाइपर एक्टिव किड है। ऐसे बच्चों में एनर्जी इतनी होती है कि उनके पीछे भागते-भागते बड़े लोग थक जाते हैं लेकिन बच्चे नहीं थकते।

**हाइपर एक्टिव किड्स की ये है पहचान :** हाइपरएक्टिव बच्चों को पहचानने का सबसे आान तरीका है कि उन्हें किसी की भी बात मानने में दिक्कत होती है। ऐसे बच्चे आसानी से परेशान, फ्रस्ट्रेट, और दुखी हो जाते हैं। ये बच्चे दूसरों की बात कम सुनते हैं और बहुत ज्यादा बोलते हैं। ऐसे बच्चे दूसरों की बात को हमेशा काटते रहते हैं।

**हाइपर एक्टिव किड्स को डील करने के टिप्स**

**नियमित दिनचर्या बनाएं :** हाइपर एक्टिव किड्स को डील करने के लिए सबसे पहले उनकी एक निश्चित दिनचर्या बनाएं, जिसमें उनकी पढ़ाई से लेकर खेल, भोजन, और सोने का समय तय हो। दिनचर्या बनाने से बच्चे के व्यवहार को संतुलित करने में मदद मिलती है।

**शारीरिक गतिविधियां बढ़ाएं :** हाइपर एक्टिव बच्चों को खेल, डांस, तैराकी, या कोई अन्य शारीरिक गतिविधि में शामिल करें। ऐसा करने से उनकी एनर्जी सकारात्मक दिशा में लगेगी। रोजाना इसके लिए 30 मिनट जरूर निकालें।

**धैर्य और समझ :** बच्चों के व्यवहार को समझते हुए धैर्य बनाए रखें। ऐसे बच्चों पर गुस्सा या उन्हें सजा देने से बचें, क्योंकि यह उनकी बेचैनी बढ़ा सकता है। उनकी भावनाओं को सुनें और सहानुभूति दिखाएं।

**ध्यान केंद्रित करने वाले गेम्स :** पजल्स, ड्राइंग, लेगो, या माइंडफुलनेस गेम्स जैसी गतिविधियां बच्चों का ध्यान केंद्रित करने में मदद करती हैं। इन्हें दिन में 15-20 मिनट के लिए बच्चे को जरूर खेलने के लिए दें।

**स्क्रीन टाइम सीमित करें :** टीवी, मोबाइल, या टैबलेट जैसी चीजों का उपयोग दिन में 1-2 घंटे से ज्यादा ना करें। अधिक स्क्रीन टाइम बच्चे की सक्रियता को बढ़ा सकता है।

---

# तपती गर्मी में घर से बाहर निकल रहे तो ये चीजें जरूर साथ रखें, ना रहे लू लगने का खतरा

• **जालंधर ब्रीज.** हेल्थ केयर

HEALTH

गर्मी के मौसम में बाहर रहने वाले लोगों को लू लग जाती है। इससे बचने के लिए पहले से उपाय कर लेना अच्छा होता है। इसलिए घर से बाहर निकलते वक्त इन चीजों पास रखें। जिससे लू के साथ ही धूप से भी बचा जा...



हीट स्ट्रोक का खतरा दिन पर दिन बढ़ता जा रहा है। बढ़ते तापमान के साथ ही गर्म हवाएं दिन में घर से निकलना मुश्किल कर देती हैं। लेकिन ज्यादातर लोगों को काम के सिलसिले में दोपहर के समय बाहर निकलना ही पड़ता है। ऐसे में लू लगने का खतरा सबसे ज्यादा रहता है। तपती गर्मी और लू से खुद को बचाना है घर से बाहर निकलते वक्त इन चीजों को अपने साथ जरूर रखें।

### कॉटन का गमछा या स्टोल

धूप में जब भी घर से बाहर निकल रहे हों तो साथ में कॉटन या ब्रीदेबल फैब्रिक के बड़े स्टोल या गमछे को जरूर साथ रखें। जिससे आसानी से आप अपना सिर, मुंह और हाथ वगैरह ढंक सकें।

### सनग्लासेज

तेज धूप का असर आंखों पर भी होता है। धूप की यूवी रेज और गर्म हवाएं आंखों को ड्राई और इरिटेट कर सकती हैं। इसलिए सनग्लासेज जरूर पहनें।

### बोतल में नमक और चीनी का घोल

पानी की बोतल के अलावा एक बोतल में शरीर के इलेक्टोलाइट को बैलेंस करने के लिए मार्केट में मिलने वाले ओआरएस घोल को रखें या फिर चीनी और नमक को बराबर मात्रा में मिलाकर पानी की बोतल में घोल कर रखें। तपती धूप में इस ड्रिंक को बीच-बीच में धीरे-धीरे पिएं। जिससे डिहाइड्रेशन के साथ ही हीट स्ट्रोक का खतरा कम हो। ये घोल धूप की वजह से कमजोरी और बेहोशी को भी दूर रखेगा। यह जरूरत पड़ने पर फर्स्ट एड की तरह काम आ सकता है।

### कच्चा प्याज

कच्चे प्याज की गंध अजीब होती है लेकिन जब भी घर से बाहर निकले तो एक प्याज को छीलकर रख लें। इसके कंपाउंड बॉडी के टेंपरेचर को मेंटेन रखेंगे और लू लगने का बचाने में मदद करेगा।

### टोपी या छाता

तपती धूप में सिर को गर्म होने से बचाना जरूरी है। इसलिए साथ में टोपी या छाता अपनी सुविधानुसार जरूर रखें। ये धूप से राहत देने में मदद करेंगे।

### रसीले फल

घर से बाहर निकल रहे हैं तो टिफिन में रसीले फल जरूर साथ रखें। तरबूज, खीरा जैसे फल डिहाइड्रेशन से बचाएंगे या फिर सत्तू रखें। इसे खाने से शरीर को अंदर से ठंडक मिलेगी और एनर्जी बनी रहेगी।

***डिस्क्लेमर :** यह लेख मात्र सामान्य जानकारी के लिए है। किसी भी प्रयोग से पहले विशेषज्ञ की राय अवश्य लें।*

# केंद्रीय विधि मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने पंचकूला रोजगार मेले में 56 युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे

• **जालंधर ब्रीज .** चंडीगढ़

**रोजगार मेले** के 15वें चरण के तहत देशभर में आयोजित एक भव्य समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 51,000 से अधिक युवाओं को विभिन्न सरकारी विभागों में नियुक्ति पत्र प्रदान किए। नई दिल्ली से वर्चुअल रूप से जुड़कर प्रधानमंत्री ने इसे आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया और नियुक्त युवाओं से राष्ट्र की सेवा करने का आग्रह किया।



पंचकूला में आयोजित क्षेत्रीय कार्यक्रम में केंद्रीय विधि एवं न्याय तथा संसदीय कार्य राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल ने रेड बिशप कॉम्प्लेक्स में आयोजित समारोह के दौरान गृह मंत्रालय, आयकर विभाग, बैंक ऑफ बड़ौदा, ईएसआईसी, रेलवे, दूरसंचार और खाद्य आपूर्ति जैसे विभागों में चयनित 56 युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे। अपने संबोधन में मेघवाल ने युवाओं और उनके परिवारों को बधाई देते हुए कहा कि ये नियुक्तियां केवल रोजगार का माध्यम नहीं, बल्कि देश के विकास में भागीदारी का अवसर हैं। उन्होंने सरकार की 10 लाख नौकरियों की प्रतिबद्धता दोहराई और कर्मियों से ईमानदारी, परिश्रम व समर्पण के साथ कार्य करने का आग्रह किया।

उन्होंने भारत की आर्थिक प्रगति पर प्रकाश डालते हुए बताया कि देश अब दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और 2027 तक तीसरे स्थान पर पहुंचने की दिशा में अग्रसर है। उन्होंने कर्मयोगी पोर्टल जैसे प्लेटफॉर्म्स का लाभ उठाकर युवाओं से अपने कौशल को निखारने की अपील की।

कोविड-19 काल की चुनौतियों पर बोलते हुए उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व की सराहना की और वैश्विक स्तर पर भारत की भूमिका को रेखांकित किया। कार्यक्रम में हाल ही के आतंकवादी हमले के पीड़ितों को श्रद्धांजलि भी दी गई और दो मिनट का मौन रखा गया। कार्यक्रम में कई विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे।






# राज्यपाल ने सड़क सुरक्षा को जन-आंदोलन बनाने का किया आह्वान

• **जालंधर ब्रीज .** देहरादून



राजभवन में बुधवार को आयोजित सड़क सुरक्षा गोष्ठी में उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने प्रतिभाग किया और सड़क सुरक्षा के महत्व पर जोर देते हुए इसे केवल यातायात नियमों तक सीमित न मानकर जन-जागरूकता, सामूहिक जिम्मेदारी और नागरिकों के जिम्मेदार व्यवहार से जुड़ा बताया। उन्होंने सभी विभागों, शैक्षणिक संस्थानों, मीडिया और सामाजिक संगठनों से आह्वान किया कि वे सड़क सुरक्षा को जन-आंदोलन का रूप दें।

राज्यपाल ने स्कूली बच्चों को सड़क सुरक्षा के ब्रांड एम्बेसडर बनने और अपने परिवार व समुदाय को प्रेरित करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की कठिन भौगोलिक परिस्थितियों में सड़क सुरक्षा विशेष रूप से चुनौतीपूर्ण है, इसलिए सतर्कता, संयम और नियमों का पालन जीवन रक्षा के लिए अनिवार्य है। हेलमेट, सीट बेल्ट और गति सीमा का पालन दुर्घटनाओं को रोकने में सहायक हो सकता है।

गोष्ठी में केंद्रीय सड़क परिवहन संस्था के निदेशक डॉ. देवेंद्र सिंह और तकनीकी अधिकारी प्रशांत खड़गे ने सड़क सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा की और इसे जीवन शैली का हिस्सा बनाने की आवश्यकता पर बल दिया।

कार्यक्रम संयोजक पद्मश्री डॉ. बी.के.एस. संजय ने कहा कि दुर्घटनाओं को रोकने का सबसे प्रभावी उपाय नियमों का अध्ययन और पालन है। उन्होंने सड़क सुरक्षा शिक्षा को स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल करने की अपील की।

ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. गौरव संजय ने ऑडियो-विजुअल प्रस्तुति के माध्यम से दुर्घटनाओं के सामाजिक और आर्थिक प्रभावों को दर्शाया और युवाओं से सुरक्षा उपकरणों के अनिवार्य प्रयोग की अपील की। गोष्ठी में कई गणमान्य अतिथि और बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित रहे।

# प्रसार भारती ने चंडीगढ़ में वेव्स ओटीटी संबंधी प्रेस मीट की मेजबानी की



• **जालंधर ब्रीज .** चंडीगढ़

*प्रसार भारती के ओटीटी प्लेटफॉर्म 'वेव्स' को भारतीय डिजिटल मनोरंजन के एक समग्र केंद्र के रूप में विकसित किया गया है। इसमें 1,850 से अधिक फिल्में, 590 शो, 9,295 ई-पुस्तकें और पत्रिकाएं उपलब्ध हैं। 74 से अधिक लाइव टीवी चैनल और विभिन्न रेडियो स्टेशनों की सुविधा इसे एक संपूर्ण मनोरंजन मंच बनाती है। यह प्लेटफॉर्म गेम्स, लाइव इवेंट और ऑनलाइन शॉपिंग जैसी सुविधाएं भी देता है।*

*25 अप्रैल 2025 को चंडीगढ़ में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में दूरदर्शन के उप महानिदेशक सुमीत गोयल ने इसकी विशेषताएं साझा कीं। यह मंच 12 से अधिक भारतीय भाषाओं में क्षेत्रीय सामग्री, रामायण, महाभारत और शक्तिमान जैसे लोकप्रिय शोज़ भी उपलब्ध कराता है। वेव्स का उद्देश्य भारतनेट के माध्यम से ग्रामीण दर्शकों तक समावेशी मनोरंजन पहुंचाना है। यह वीडियो ऑन डिमांड, रेडियो स्ट्रीमिंग, लाइव टीवी और ई-कॉमर्स की सुविधा भी प्रदान करता है।*

**वेव्स: बहुउद्देश्यीय ओटीटी प्लेटफॉर्म का स्मार्ट अनुभव** • प्रसार भारती का ओटीटी प्लेटफॉर्म 'वेव्स' एक अत्याधुनिक, बहुउद्देश्यीय मंच है, जो स्मार्ट सर्च, लाइवस्ट्रीमिंग, गेमिंग, ओएनडीसी शॉपिंग, और सांस्कृतिक कथाओं के साथ सामाजिक अभियानों को जोड़ता है। इसका गोल्ड प्लान निःशुल्क है, जिसमें दो डिवाइस पर लाइव टीवी और रेडियो एक्सेस की सुविधा मिलती है।

*इस मंच का शुभारंभ गोवा में 20 नवंबर 2024 को आईएफएफआई के उद्घाटन में मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत द्वारा किया गया था। वेव्स को तीन सब्सक्रिप्शन प्लान्स के साथ पेश किया गया है: प्लेटिनम (₹999), डायमंड (₹350) और फ्री। यह ऐप Google Play Store और Apple App Store पर उपलब्ध है।*

# वेव्स • वैश्विक प्रभाव हेतु युवा रचनाकारों को प्रोत्साहन और भारत के मीडिया एवं मनोरंजन स्टार्टअप को गति देना

जालंधर ब्रीज



**किरण मजूमदार-शॉ**
(बायोकॉन समूह की अध्यक्ष)

**वैश्विक** व्यापार शुल्क और शेयर बाजार की अस्थिरता के समक्ष भारत एक उदार अर्थव्यवस्था के रूप में मज़बूती से आगे बढ़ रहा है। अपनी जनसांख्यिकीय और तकनीकी क्षमताओं का लाभ उठाते हुए, भारत चुनौतियों को अवसरों में परिवर्तित करते हुए स्वयं को वैश्विक 'रचनात्मक शक्ति' के रूप में स्थापित कर सकता है। एक समृद्ध कहानी कहने की परंपरा के साथ, भारत का मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र 'भारत में निर्माण करें, दुनिया के लिए निर्माण करें' दृष्टिकोण के माध्यम से दुनिया भर के रचनाकारों को जोड़ने का लक्ष्य रखता है।

भारत फिल्म, संगीत, कला और प्रौद्योगिकी जैसे विभिन्न क्षेत्रों में युवा रचनाकारों की बढ़ती आबादी वाला राष्ट्र है। विशेष रूप से, नमित मल्होत्रा के डीएनईजी ने दृश्य प्रभाव और एनीमेशन स्टूडियो के माध्यम से ड्यून 2 की ऑस्कर अर्जित सफलता में अभूतपूर्व वीएफएक्स का प्रदर्शन किया। यह भारत की 7वीं ऑस्कर सफलता थी जिसने वैश्विक मनोरंजन उद्योग में भारत के बढ़ते प्रभाव को उजागर किया। पारंपरिक फिल्म निर्माण से डिजिटल निर्माण तक की विकास यात्रा विश्व स्तरीय कंटेन्ट बनाने में देश की क्षमता को दर्शाती है।

**भारत सरकार के विश्व श्रव्य**-दृश्य मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) 2025 के अंग, वेव्स एक्सेलरेटर (वेवएक्स) का उद्देश्य युवा रचनाकारों को उद्योग जगत प्रमुखों से जोड़ना और स्टार्टअप विकास को बढ़ावा देना है। मई 2025 में मुंबई में होने वाला वेव्स, संरक्षण, वित्त पोषण और वैश्विक अवसर प्रदान करते हुए भारत के मीडिया और मनोरंजन स्टार्टअप इकोसिस्टम को बढ़ाने की दिशा में प्रयासरत है। इस क्षेत्र में वर्ष 2023 के 2,422 बिलियन रूपए से 2027 तक 3,067 बिलियन रूपए तक की वृद्धि होने का अनुमान है, जिसमें गेमिंग, एआई और मेटावर्स जैसे अभिनव क्षेत्र शामिल हैं।

**पहचान स्थापित करने की चुनौतियों के बावजूद, वेव्स**- ब्रह्मन गेम स्टूडियो, कीबाउंड और वायॉन क्लाउड जैसे स्टार्टअप के लिए वैश्विक निवेशकों के समक्ष अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए एक मंच प्रदान करता है। इस पहल में लैपविंग स्टूडियो और वाइगर मीडिया जैसे महिलाओं के नेतृत्व वाले स्टार्टअप भी शामिल हैं, जो मीडिया और मनोरंजन इकोसिस्टम के भीतर समावेशिता को बढ़ावा देते हैं।

**रचनात्मक केन्द्र** - म्यूज़ियम ऑफ़ आर्ट एंड फ़ोटोग्राफ़ी (एमएपी) और साइंस गैलरी बेंगलुरु जैसी पहलों के माध्यम से कला के समर्थक के तौर पर, मेरा मानना है कि किसी देश की संस्कृति उसकी कला और विज्ञान दोनों में निहित होती है। कला और विज्ञान दोनों ही रचनात्मकता में निहित हैं; वैज्ञानिक भी प्रयोगशालाओं में उसी तरह प्रयोग करते हैं जैसे कलाकार कैनवास पर करते हैं।

**रचनात्मक स्टार्टअप के लिए प्रेरणादायी** - वेव्स तकनीक और कहानी कहने की सुंदर समाभिरूपता का उदाहरण है। वेवएक्स एनिमेशन, एआई, एआर/वीआर, गेमिंग और मेटावर्स जैसे अभिनव क्षेत्रों में स्टार्टअप का समर्थन करके इसका लाभ उठाने के लिए तैयार है। वेव्स बाज़ार के लिए 4500 से ज़्यादा विक्रेता और 5,900 से ज़्यादा खरीदार पंजीकृत हैं, इस पहल से भारतीय स्टार्टअप को वैश्विक कंपनियों से जोड़ने का वादा किया गया है, जिससे वैश्विक मीडिया और मनोरंजन परिदृश्य में भारत के अग्रणी बनने की गति में तेजी आएगी।

**भविष्य के लिए एक अवधारणा** - भारत को लंबे समय से अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और रचनात्मकता की चिरस्थायी विरासत के तौर पर जाना जाता है।

यह रचनात्मक ऊर्जा हमारे युवाओं में सबसे जीवंत अभिव्यक्ति रखती है और यही आज के निर्माता और कल के दूरदर्शी भी हैं। फिल्म, संगीत, एनीमेशन, गेमिंग और डिजिटल मीडिया में, युवा भारतीय निर्माता सीमाओं को नया आकार दे रहे हैं और शैलियों को फिर से परिभाषित कर रहे हैं।

वेव्स के सलाहकार बोर्ड के सदस्य के रूप में, मुझे इस परिवर्तनकारी यात्रा का हिस्सा बनने पर गर्व है। इस पहल का प्रभाव स्टूडियो और बोर्डरूम से कहीं आगे तक जाएगा और यह हर कहानी, हर स्टार्टअप और हर उस नवाचार में गुंजन उत्पन्न करेगा जो परंपरा को चुनौती देता है।

# एनआईटीटीटीआर चंडीगढ़ में साइबर वेलनेस क्लिनिक का सफलतापूर्वक उद्घाटन किया गया



**जालंधर ब्रीज (चंडीगढ़) .** एनआईटीटीटीआर चंडीगढ़ ने साइबर वेलनेस क्लिनिक का उद्घाटन किया, जो एनआईटीटीटीआर, आईएसएसी और कॉपकनेक्ट का संयुक्त उपक्रम है।

यह क्लिनिक ज़ेडस्केलर इंक. के सीएसआर सहयोग से स्थापित किया गया है। इसका उद्देश्य भारत की साइबर सुरक्षा अवसंरचना को सुदृढ़ करना और व्यक्तियों को डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रूप से आगे बढ़ने के लिए सशक्त बनाना है। उद्घाटन कार्यक्रम में गीतांजलि खंडेलवाल, चंडीगढ़ साइबर सेल की एसपी, सुश्री करिश्मा भुयान, ज़ेडस्केलर इंक. की सीएसआर प्रमुख, प्रोफेसर (डॉ.) बी. आर. गुर्जर, एनआईटीटीटीआर के निदेशक, और ग्रुप कैप्टन पी. आनंद नायडू (सेवानिवृत्त), आईएसएसी के कार्यकारी निदेशक ने संबोधित किया।

इस कार्यक्रम के बाद, "समाज और संगठन में साइबर सुरक्षित और जागरूक संस्कृति का निर्माण" पर कार्यशाला आयोजित की गई, जिसका उद्देश्य छात्रों, संकाय सदस्यों और कानून प्रवर्तन एजेंसियों को साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में प्रशिक्षित करना है।

# *भारत की राष्ट्रपति ने हिमाचल प्रदेश के हरिमन शर्मा अन्य - (कृषि) के क्षेत्र में पद्मश्री से सम्मानित किया*

***जालंधर ब्रीज (हिमाचल) .*** *हरिमन शर्मा एक प्रगतिशील किसान हैं जिन्होंने सेब की एक नई किस्म (एचआरएमएन-99) विकसित की, जिसे उष्णकटिबंधीय और उपोष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में भी सफलतापूर्वक उगाया जा सकता है। यह किस्म उन क्षेत्रों में भी उग सकती है जहां तापमान 40-50 डिग्री सेल्सियस तक होता है, और इसे ठंडे वातावरण की आवश्यकता नहीं होती।*



***हरिमन शर्मा***

*4 अप्रैल 1956 को हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले के पनियाला गांव में जन्मे हरिमन शर्मा ने दसवीं कक्षा तक पढ़ाई की और आर्थिक स्थिति के कारण स्कूल छोड़ दिया। इसके बाद, उन्होंने खेती शुरू की, लेकिन पारंपरिक खेती से पर्याप्त लाभ नहीं हुआ। फिर उन्होंने बागवानी की ओर रुख किया और आम, लीची और अमरूद जैसे फल उगाने शुरू किए। लेकिन सर्दियों की बर्फबारी से आम के पौधे खराब हो गए, जिसके बाद उन्होंने एचआरएमएन-99 किस्म के सेब पर काम करना शुरू किया।*

*हरिमन शर्मा ने अपने घर के पास सेब के बीज फेंके थे, जिनसे अंकुरित होकर एक पेड़ उगा। 2001 में उस पेड़ पर फल लगे और उन्होंने महसूस किया कि यह पेड़ गर्म क्षेत्र में असाधारण था। उन्होंने इसे संरक्षित किया और ग्राफ्टिंग की प्रक्रिया शुरू की। इसके बाद, शिमला से क्रैब एप्पल के पौधे लाकर ग्राफ्ट किया, और 2004-2005 में उनका सेब बाग फलने लगा।*

*2014-2015 में राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान ने एचआरएमएन-99 किस्म के पौधों की रोपाई की और इस किस्म को भारत के विभिन्न राज्यों में फैलाया। अब यह किस्म नेपाल, बांग्लादेश, जर्मनी, और ओमान जैसे देशों में भी फलने लगी है। हरिमन शर्मा को उनकी नवप्रवर्तनशीलता के लिए कई पुरस्कार मिले हैं, जिनमें राष्ट्रीय नवप्रवर्तक पुरस्कार, ग्रीन ग्रास इनोवेटर पुरस्कार, और नवप्रवर्तक किसान पुरस्कार शामिल हैं। उनके योगदान के कारण करियर पॉइंट विश्वविद्यालय ने उन्हें प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस नियुक्त किया है।*

# आरबीआई चंडीगढ़ ने क्राफेड के लिए साइबर धोखाधड़ी पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया







**जालंधर ब्रीज (चंडीगढ़) .** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के चंडीगढ़ क्षेत्रीय कार्यालय ने चंडीगढ़ रेजिडेंट एसोसिएशन वेलफेयर फेडरेशन (CRAWFED) के लिए साइबर धोखाधड़ी पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में आरबीआई के क्षेत्रीय निदेशक विवेक श्रीवास्तव और चंडीगढ़ पुलिस अधीक्षक गीतांजलि खंडेलवाल ने भाग लिया। श्रीवास्तव ने वरिष्ठ नागरिकों में बढ़ती साइबर धोखाधड़ी पर चिंता जताते हुए वित्तीय साक्षरता और डिजिटल लेनदेन की अहमियत को बताया।

उन्होंने सामुदायिक प्रतिनिधियों को सशक्त बनाने पर भी जोर दिया। एसपी खंडेलवाल ने साइबर अपराधों से निपटने में चंडीगढ़ पुलिस के साइबर अपराध प्रकोष्ठ की भूमिका पर बात की और साइबर खतरों से बचाव के तरीके साझा किए।

एचडीएफसी बैंक और आरबीआई के अधिकारियों ने सुरक्षित ऑनलाइन बैंकिंग प्रथाओं और साइबर सुरक्षा के उपायों पर चर्चा की। CRAWFED के सदस्यों ने इस पहल में उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा मिला और एक सुरक्षित डिजिटल अर्थव्यवस्था का निर्माण हुआ।

# आईआईटी रोपड़ में उन्नत तकनीक पर दो दिवसीय कार्यशाला

• **जालंधर ब्रीज .** रोपड़

आईआईटी रोपड़ प्रौद्योगिकी और नवाचार फाउंडेशन AWADH, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के NM-ICPS के तहत, गोविंद बल्लभ पंत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (GBPIET), पौड़ी, उत्तराखंड के सहयोग से, IIT रोपड़ की समृद्धि आइडियाथॉन पहल के तहत "उन्नत विनिर्माण तकनीक में हालिया रुझान और छात्रों के लिए स्टार्टअप अवसर" पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया।

कार्यशाला ने संकाय और छात्र स्टार्टअप को सशक्त बनाया, जिससे कृषि, AI और CPS में नवाचार के लिए IIT रोपड़ की प्रतिबद्धता को बल मिला। GBPIET को CPS प्रशिक्षण के लिए अनुदान प्राप्त करने के लिए आइडियाथॉन पहल के तहत चुना गया था। डॉ. अमित कुमार (PI) और छात्र रोहित कंडवाल ने जल उपचार प्रौद्योगिकी विकास के लिए अतिरिक्त ₹2.5 लाख का अनुदान भी प्राप्त किया।

उद्घाटन सत्र में डॉ. धनंजय सिंह (निदेशक, GBPIET ), प्रो. केकेएस मेर (HOD), प्रो. संजीव नैथानी (Dean R&D), डॉ. मुकेश केस्टवाल (CIO, IIT Ropar TIF), डॉ. अमित कुमार (पीआई), और सह-पीआई डॉ. आशुतोष गुप्ता और डॉ. हिमांशु प्रसाद रतूड़ी शामिल थे। डॉ. धनंजय सिंह ने छात्र-उद्योग संपर्क को बढ़ावा देने में कार्यशालाओं की भूमिका पर जोर दिया और टीम को बधाई दी। डॉ. मुकेश केस्टवाल ने आईआईटी रोपड़ की iHub- AWaDH और कृषि में AI CoE, ANNAM.AI की पहल पर मुख्य भाषण दिए। उन्होंने सीपीएस एकीकरण, फंडिंग के अवसर, टीआरएल और स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग पर चर्चा की।





डॉ. पवन राकेश (एनआईटी उत्तराखंड) ने एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग पर एक तकनीकी सत्र का नेतृत्व किया सिंह (आईआईटी रुड़की) ने अपरंपरागत मशीनिंग पर और प्रो. ऋतुनेश कुमार (आईआईटी इंदौर) ने सरफेस मॉडिफिकेशन पर और डॉ. आर.एस. मुलिक (आईआईटी रुड़की) ने विनिर्माण स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र के अवसरों पर सत्र आयोजित किया। कार्यक्रम का समापन प्रमाण पत्र वितरण के साथ हुआ। डॉ. मुकेश केस्टवाल ने इस बात पर प्रकाश डाला कि यह कार्यशाला, डीएसटी एनएम-आईसीपीएस के तहत 14 कार्यशालाओं का हिस्सा है, जो "विकसित भारत 2047" का समर्थन करती है और AWADH CPS लैब्स, प्रशिक्षण, SPRINT और समृद्धि पहलों के माध्यम से जमीनी स्तर पर नवाचार को मजबूत करती है।

### स्थानीय निकाय मंत्री डा. रवजोत सिंह ने सुबह-सुबह जालंधर का किया अचानक दौरा, शहर के सफाई प्रबंधों का लिया जायजा

# निगम अधिकारियों को रोज़ाना कचरे की लिफ्टिंग उचित ढंग से सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

• **जालंधर ब्रीज.** जालंधर





पंजाब के स्थानीय निकाय मंत्री डा. रवजोत सिंह ने आज सुबह शहर का अचानक दौरा किया और सफाई प्रबंधों का जायजा लिया। इस मौके पर उनके साथ डिप्टी कमिश्नर डा.हिमांशु अग्रवाल, नगर निगम कमिश्नर गौतम जैन और मेयर विनीत धीर भी मौजूद रहे। जमीनी स्तर पर सफाई प्रबंधों की स्थिति जानने के लिए कैबिनेट मंत्री ने अधिकारियों की टीम के साथ बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, गडा रोड, पिम्स रोड और दमोरिया पुल सहित शहर के विभिन्न स्थानों का दौरा किया और मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

स्थानीय निकाय मंत्री ने नगर निगम के अधिकारियों को रोज़ाना कचरे की लिफ्टिंग उचित ढंग से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस कार्य में कोई देरी नहीं होनी चाहिए। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि जिन स्थानों पर अधिक मात्रा में कूड़ा एकत्र होता है, वहां से प्रतिदिन सुबह व शाम कूड़े की लिफ्टिंग सुनिश्चित की जाए। स्थानीय निकाय मंत्री ने कहा कि पंजाब सरकार राज्य के शहरों को साफ-सुथरा रखने के साथ-साथ उनकी नुहार बदलने के लिए वचनबद्ध है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में प्रदेश के शहरों में भी इस तरह के औचक दौरे किए जाएंगे ताकि लोगों को स्वच्छ वातावरण और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा सकें। कैबिनेट मंत्री ने लोगों से शहरों को साफ-सुथरा रखने में सहयोग की अपील करते हुए कहा कि सफाई व्यवस्था को बनाए रखने में प्रत्येक नागरिक की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे घर का कचरा सड़कों पर न फेंके, बल्कि उसे निर्धारित स्थानों पर ही डालें। उन्होंने यह भी कहा कि विभाग लोगों की मदद के लिए हमेशा तत्पर है तथा सफाई से संबंधित किसी भी समस्या का तुरंत समाधान किया जाएगा।

उन्होंने लेबर से संबंधित कर्मचारियों को मजदूर दिवस की बधाई दी और कहा कि पंजाब सरकार उन्हें किसी भी सुविधा की कमी नहीं आने देगी। उन्होंने कहा कि मजदूर समाज का अहम हिस्सा है, इसलिए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार उनके साथ खड़ी है।

इसके बाद कैबिनेट मंत्री ने नगर निगम जालंधर में डिप्टी कमिश्नर, कमिश्नर नगर निगम, मेयर और निगम के अन्य अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक की, जिसमें शहर में सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने, लोगों को पानी, सड़कें, स्ट्रीट लाइटें और अन्य बुनियादी सुविधाएं उचित ढंग से उपलब्ध करवाने पर विस्तृत चर्चा की गई।

# मुठभेड़ के दौरान खतरनाक अपराधी गिरफ्तार

### आरोपियों से 3 पिस्तौल सहित 17 राउंड बरामद, हत्या व लूट जैस 20 मामले पहले से दर्ज

• **जालंधर ब्रीज.** जालंधर

जालंधर ग्रामीण पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान एक खतरनाक अपराधी को गिरफ्तार कर उसके पास से 3 पिस्तौल सहित 17 राउंड बरामद किए। सीनियर पुलिस अधीक्षक सुपरडेंट जालंधर ग्रामीण हरविंदर सिंह विर्क ने बताया कि गुरुवार को जालंधर ग्रामीण की एक टीम गांव अमानतपुर मोड़ पर नाकाबंदी करके वाहनों की जांच कर रही थी। बिधिपुर रेलवे फाटक की तरफ से एक युवक बिना नंबर प्लेट की काले रंग की स्पलेंडर मोटरसाइकिल पर आया। जब पुलिस पार्टी ने शक के आधार पर युवक को रुकने का इशारा किया तो उसने रुकने की बजाय पुलिस पार्टी पर गोलियां चला दी और मोटरसाइकिल को मकसूदां की तरफ भगा कर ले गया।

एसएसपी ने बताया कि पुलिस पार्टी ने आरोपियों का पीछा किया, जो गांव सूरा स्थित एक सुनसान ग्लूकोज फैक्ट्री में घुस गए। जब पुलिस पार्टी ने वाहन से उतरने के लिए खिड़की खोली तो आरोपियों ने पुलिस पार्टी की सरकारी स्कॉर्पियो गाड़ी पर गोलियां चला दीं। मुठभेड़ के दौरान आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान साजन नैय्यर पुत्र विजय नैय्यर निवासी मोहल्ला छोटा हरिपुरा, इस्लामाबाद, थाना इस्लामाबाद, जिला अमृतसर के तौर पर हुई है। उन्होंने आगे बताया कि आरोपियों ने पुलिस पार्टी को जान से मारने और डराने के इरादे से 3 गोलियां चलाईं।



आरोपियों के पास से कुल 3 पिस्तौल और 17 जिंदा राउंड बरामद किए गए है। जबकि पुलिस पार्टी ने आत्मरक्षा में 2 गोलियां चलाईं।

एसएसपी पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी साजन नैय्यर के खिलाफ थाना मकसूदां जालंधर देहात पुलिस ने धारा 109,132,221 बीएनएस, 25(1)(ए)(6),(7),(8)-54-59 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। आरोपी को उपचार के लिए सिविल अस्पताल जालंधर में भर्ती कराया गया है। आरोपियों के खिलाफ विभिन्न जिलों में हत्या, हत्या का प्रयास, लूट, डकैती, गिरोहबंद नशीले पदार्थो की तस्करी तथा खतरनाक अवैध हथियारों की आपूर्ति से संबंधित कुल 20 मामले दर्ज हैं। उपचार से छुट्टी मिलने के बाद, आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा और गहन पूछताछ के लिए पुलिस हिरासत में ले लिया जाएगा।

## लांडा गैंग का कुख्यात मैंबर भीषण गोलीबारी में गंभीर रूप से घायल

**जालंधर ब्रीज. लुधियाना** : लुधियाना कमिश्नरेट पुलिस के साथ मुठभेड़ के दौरान लांडा गैंग का एक सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस कमिश्नर स्वप्न शर्मा के नेतृत्व में जब वह लुधियाना पुलिस द्वारा घेर लिए जाने पर भागने की कोशिश कर रहा था। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि शहर निवासी हीना पुत्री स्वर्गीय राज कुमार (कुख्यात गैंगस्टर पुनीत बैंस की बहन) ने शिकायत की थी कि दो मोटरसाइकिल पर सवार छह अज्ञात हमलावरों ने उसके घर पर दो गोलियां चलाईं। स्वप्न शर्मा ने बताया कि एफआईआर नंबर 45 दिनांक 20.04.2025 को धारा 125,190,191,111 बीएनएस और 25 आर्म्स एक्ट के तहत पीएस डिवीजन नंबर 2 सीपी लुधियाना में पंजीकृत किया गया था। आरोपी लवकुश और वंश को पहले पुलिस ने गिरफ्तार किया था और एक अन्य



आरोपी अक्षय को भी उनकी पूछताछ पर 29.04.2025 को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस को आरोपी सुमित के बारे में सूचना मिली थी कि वह सह-आरोपी की गिरफ्तारी के दौरान भागने में सफल रहा। पुलिस ने उसे गांव साहिबाना, भौंद्री रोड थाना जमालपुर में घेर लिया, जिसके परिणामस्वरूप भीषण मुठभेड़ के दौरान कई राउंड गोलियां चलीं। आरोपी गंभीर रूप से घायल हो गया है और पुलिस ने कई राउंड गोला-बारूद के साथ .32 बोर का हथियार बरामद किया है।

# आप नेताओं का हरियाणा को अतिरिक्त पानी देने के खिलाफ राज्यव्यापी प्रदर्शन

• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़

आम आदमी पार्टी (आप) पंजाब ने भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी) के माध्यम से हरियाणा को अतिरिक्त पानी आवंटित करने के भाजपा नीत केंद्र सरकार के फैसले के खिलाफ राज्य भर में व्यापक विरोध प्रदर्शन किया। आप नेताओं और कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन में कहा कि पंजाब के जल संसाधनों पर सिर्फ पंजाब का हक है। कैबिनेट मंत्रियों, विधायकों और वरिष्ठ पार्टी नेताओं ने विभिन्न जिलों में विरोध प्रदर्शन किया और पंजाबियों से एकजुट होकर इस असंवैधानिक कदम का विरोध करने का आग्रह किया। प्रदर्शन के दौरान पंजाब के कई स्थानों पर भाजपा नेताओं के पुतले भी जलाए गए। जालंधर में कैबिनेट मंत्री मोहिंदर भगत के नेतृत्व में प्रदर्शन किया गया।

अमृतसर में कैबिनेट मंत्री कुलदीप सिंह धालीवाल, मंत्री हरभजन सिंह ईटीओ समेत आप विधायक डॉ. अजय गुप्ता, बलदेव मियादियां, गुरदेव लखना, मोती लाल भाटिया, जसप्रीत सिंह, डॉ. इंद्रपाल, इकबाल सिंह भुल्लर और मनीष अग्रवाल ने सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ के आवास के सामने प्रदर्शन किया।

पठानकोट में मंत्री लालचंद कटारूचक, आप नेता अमित मिंटू और विभूति शर्मा ने आप वालंटियरों के साथ न्यू बैंक कॉलोनी में भाजपा नेता अश्वनी शर्मा के आवास के बाहर धरना दिया और केंद्र सरकार की पंजाब विरोधी नीतियों की निंदा की। लुधियाना में विधायक पप्पी पराशर, मदन लाल बग्गा, दलजीत ग्रेवाल भोला, कुलवंत सिद्धू, जीवन सिंह संगोवाल और अमनदीप





मोही सहित दर्जनों आप नेताओं ने भाजपा के असंवैधानिक फैसले को चुनौती देते हुए अरोड़ा पैलेस दाना मंडी में विरोध प्रदर्शन किया। पटियाला में आप विधायक देव मान, कुलवंत बाजीगर, कुंदन गोगिया, रंजीत हडाना, मेघ चंद शेरमाजरा और तेजिंदर मेहता ने पंजाब के जल अधिकारों के लिए न्याय की मांग को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह के आवास मोती महल के बाहर विरोध प्रदर्शन किया।

रूपनगर में कैबिनेट मंत्री हरजोत बैंस, विधायक दिनेश चड्ढा और नेता हरमिंदर दाहने ने रूपनगर के बेला चौक पर विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व किया। फाजिल्का और श्री मुक्तसर साहिब में आप नेता नरिंदर पाल सिंह सवाना, अरुण नारंग और शमिंदर सिंह खिंडा ने प्रदर्शनों का नेतृत्व किया।

## चंद घंटों के भीतर लूट के आरोपियों को पकड़ने पर सांसद अरोड़ा ने की लुधियाना पुलिस की सराहना

• **जालंधर ब्रीज.** लुधियाना

लुधियाना पुलिस ने घटना के चंद घंटों के भीतर ही 30 अप्रैल को किचलू नगर में एक दुकानदार से हुई लूट के आरोपियों को सफलतापूर्वक गिरफ्तार कर लिया है। राज्यसभा सांसद संजीव अरोड़ा ने गुरुवार को पीड़ित दुकानदार से मुलाकात की और लुटेरों से बरामद चोरी हुए मोबाइल फोन में से एक को व्यक्तिगत रूप से सौंपा। उन्होंने पीड़ित को आश्वासन दिया कि लूट के दौरान लूटी गई नकदी भी जल्द ही उसे लौटा दी जाएगी। उन्होंने लुधियाना पुलिस की प्रभावी कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा, "लुटेरों की बिना देरी गिरफ्तारी शहर में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए हमारे पुलिस बल की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।"

सांसद अरोड़ा ने इस बात पर जोर दिया कि आम आदमी पार्टी (आप) सरकार सभी निवासियों, खासकर दुकानदारों और छोटे व्यवसाय मालिकों की सुरक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। सुरक्षा उपायों को और मजबूत करने के लिए, उन्होंने किचलू नगर क्षेत्र में पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) गतिविधियों में वृद्धि की घोषणा की। इस पहल से असामाजिक तत्वों को रोकने और समुदाय के लिए सुरक्षित



वातावरण सुनिश्चित करने के लिए पुलिस गश्त और सतर्कता बढ़ेगी। सांसद अरोड़ा ने दुकानदारों को नियमित पुलिस गश्त और स्थानीय व्यापार संगठनों के साथ बेहतर समन्वय सहित बढ़ी हुई सुरक्षा व्यवस्था का भी आश्वासन दिया ताकि उनकी सुरक्षा समस्याओं को दूर किया जा सके। उन्होंने कहा कि 'आप' सरकार दुकानदारों और सभी निवासियों के लिए सुरक्षित वातावरण प्रदान करने के लिए अथक प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए अपनी उपस्थिति और रिस्पांस मैकेनिज्म को मजबूत करना जारी रखेगी।

# अमन अरोड़ा ने सुनील जाखड़ को पत्र लिख पूछा - पंजाब के पानी के शोषण पर चुप क्यों हैं?

• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़

आम आदमी पार्टी (आप) पंजाब के अध्यक्ष अमन अरोड़ा ने भाजपा के पंजाब अध्यक्ष



सुनील जाखड़ को पत्र लिखकर पूछा है कि आप पंजाब के पानी के शोषण पर चुप क्यों हैं? उन्होंने कहा कि भाजपा नीत केंद्र और हरियाणा सरकार पंजाब के अधिकारों पर लगातार हमला कर रही है लेकिन आप चुप हैं। क्या यही आपकी पंजाब के लोगों के प्रति जवाबदेही है।

अपने पत्र में अरोड़ा ने बीबीएमबी की बैठक में में पारित अवैध प्रस्तावों पर गंभीर चिंता व्यक्त की, जिसमें हरियाणा को 8,500 क्यूसेक अतिरिक्त पानी देने को मंजूरी दी गई है। अरोड़ा ने कहा, "केंद्र सरकार द्वारा लिया गया यह बेशर्मी भरा फैसला दिनदहाड़े डकैती और पंजाब के अधिकारों पर सीधा हमला है।" पंजाब के घटते जल संसाधनों की भयावह स्थिति पर प्रकाश डालते हुए अरोड़ा ने कहा कि पौंग बांध, भाखड़ा बांध और रंजीत सागर बांध में जल स्तर चिंताजनक स्तर पर पहुंच गया है - पिछले वर्ष की तुलना में क्रमशः 32 फीट, 12 फीट और 14 फीट कम हो गया है। इसलिए पानी की प्रत्येक बूंद कीमती है, विशेषकर ऐसे राज्य में जहां भूजल स्तर में गंभीर गिरावट आ रही है।

अरोड़ा ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी के इस दावे को भी खारिज किया कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने हरियाणा को अतिरिक्त पानी देने का वादा किया है। अरोड़ा ने कहा, "मुख्यमंत्री मान ने स्पष्ट कर दिया है कि ऐसा कोई आश्वासन कभी नहीं दिया गया जिससे पंजाब के पानी के उचित हिस्से पर असर पड़े। उच्च पद पर बैठे व्यक्ति द्वारा दिए गए ऐसे निराधार और भ्रामक बयान अस्वीकार्य हैं।" अरोड़ा ने बताया कि पंजाब, हरियाणा को पीने के लिए प्रतिदिन 4,000 क्यूसेक पानी उपलब्ध करा रहा है, लेकिन हरियाणा की अतिरिक्त पानी की मांग बिल्कुल अनुचित है।

## बाजवा ने किसानों के लिए मांगा न्याय

**जालंधर ब्रीज. चंडीगढ़** : विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा ने हरियाणा के साथ बढ़ते जल विवाद में पंजाब के किसानों के खिलाफ घोर अन्याय करने के लिए भाजपा पर तीखा हमला किया। पंजाब के जलाशयों में गंभीर रूप से कमी आ गई है और



इसके 76.5% भूजल ब्लॉकों का अत्यधिक दोहन हो चुका है, ऐसे में हरियाणा की 8,500 क्यूसेक की बेशर्मी से की गई मांग पंजाब की कृषि रीढ़ को खतरे में डालती है।

बाजवा ने भाजपा पर राजनीतिक लाभ के लिए पंजाब की बलि देने का आरोप लगाया और राज्य के जल अधिकारों की रक्षा के लिए तत्काल कार्रवाई की मांग की। हरियाणा ने पहले ही अपने 2.987 एमएएफ जल हिस्से का 103% पानी पी लिया है, फिर भी वह पहले के समझौतों का उल्लंघन करते हुए और अधिक पानी की मांग कर रहा है, जैसा कि बताया गया है। भाजपा के राजनीतिक नियंत्रण में भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी) ने हाल ही में विचार-विमर्श में राज्य की आपत्तियों को दरकिनार करते हुए हरियाणा द्वारा पानी की अधिक निकासी के पंजाब के सबूतों को खारिज कर दिया है। बाजवा ने कहा, 'भाजपा के घोर पक्षपात ने पंजाब के जल संकट को राजनीतिक हथियार बना दिया है।' 'भाजपा की मिलीभगत से प्रेरित हरियाणा का लालच पंजाब के किसानों का गला घोंट देगा।' पंजाब द्वारा हरियाणा के पेयजल के लिए 4,000 क्यूसेक पानी की आपूर्ति के बावजूद भाजपा समर्थित कहानी में झूठा दावा किया गया है कि पंजाब की निष्क्रियता के कारण पानी पाकिस्तान में जाने का खतरा है।

## पंजाब के पानी पर डाका नहीं डालने देंगे : ललित सकलानी

• **जालंधर ब्रीज.** फगवाड़ा/सुल्तानपुर लोधी

केंद्र सरकार के इशारे पर पंजाब के साथ अन्याय करते हुए बीबीएमबी द्वारा हरियाणा को तत्काल 8500 क्यूसेक अतिरिक्त पानी जबरन छोड़े जाने के फैसले के खिलाफ जिले में योजना बोर्ड की चेयरपर्सन ललित सकलानी के नेतृत्व में व्यापक रोष प्रदर्शन किया गया।



फगवाड़ा के संविधान चौक में केंद्र सरकार का पुतला फूंते हुए जोरदार मांग की गई कि केंद्र सरकार द्वारा पंजाब के साथ की जा रही जबरदस्ती को बंद किया जाए। रोष प्रदर्शन सुल्तानपुर लोधी में तलवंडी पुल पर, भुलत्थ हलके में भुलत्थ चौक पर और कपूरथला में शहीद भगत सिंह चौक पर किए गए, जहां बड़ी संख्या में आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों, मार्केट कमेटियों के चेयरमैन आदि ने केंद्र सरकार द्वारा पंजाब के साथ किए गए अन्याय को काला दिन करार दिया। इस अवसर पर फगवाड़ा के मेयर रामपाल उप्पल ने कहा कि "पानी पंजाब की जीवनरेखा है और पंजाब से पानी छीनने से न केवल किसानों बल्कि हर वर्ग को नुकसान होगा, क्योंकि पंजाब की अर्थव्यवस्था को भी बड़ा झटका लगेगा।"

# ग्लेन मैक्सवेल आईपीएल से बाहर

### छह पारियों में 8 की औसत और 97.95 की स्ट्राइक रेट से केवल 48 रन बनाए

**स्पोर्ट्स डेस्क.** पंजाब किंग्स के ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के चल रहे संस्करण से बाहर हो गए हैं। उनके कप्तान श्रेयस अय्यर ने चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ खेल के टॉस के समय पुष्टि की थी कि ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर की उंगली में फ्रैक्चर है। तब कई लोगों ने अनुमान लगाया था कि मैक्सवेल चल रहे सीज़न में कोई भूमिका नहीं निभाएंगे। उन्हें नीलामी में पीबीकेएस ने 4.2 करोड़ रुपये में खरीदा था, लेकिन 36 वर्षीय यह खिलाड़ी एक बार फिर अपनी प्रतिष्ठा के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सका।

मैक्सवेल ने छह पारियों में 8 की औसत और 97.95 की स्ट्राइक रेट से केवल 48 रन बनाए। उन्होंने बल्ले से संघर्ष किया,



फोटो- आईपीएल/पीबीकेएस

भले ही उनकी गेंदबाजी रिटर्न कुछ हद तक संतोषजनक रही। मैक्सवेल ने छह पारियों में 27.5 की औसत और 19.5 की स्ट्राइक रेट से चार विकेट लिए। उन्होंने कुल 13 ओवर फेंके और लगभग 110 रन दिए, लेकिन गेंद से महत्वपूर्ण साझेदारियों को तोड़ा। दिलचस्प बात यह है कि पंजाब किंग्स ने अभी तक मैक्सवेल के लिए कोई प्रतिस्थापन नहीं मांगा है। पंजाब किंग्स ने एक्स पर एक बयान में कहा, 'उंगली की चोट के कारण ग्लेन मैक्सवेल शेष सत्र से बाहर हो गए हैं। हम उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं।

इस बीच, पीबीकेएस ने अपने पिछले मैच में चेन्नई सुपर किंग्स को हराया था, जिसमें उसने 191 रनों का पीछा किया था और अब वह अंक तालिका में दूसरे स्थान पर है। उनका सामना 4 मई को धर्मशाला के एचपीसीए स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स से होना है। पंजाब के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने कहा कि हम विकल्प पर फैसला लेंगे। उन्होंने कहा कि अभी हमें कुछ मैच और खेलने हैं। अभी हम उपलब्ध खिलाड़ियों में से ही विकल्प तलाश रहे हैं। हमारे पास अजमतुल्लाह उमरजइ, आरोन हार्डी और जेवियर बार्टलेट है। हम हालात के अनुरूप टीम संयोजन बनाते हैं।

## डॉ. जीएस फणी किशोर ने अमृतसर में मुख्य आयकर आयुक्त का पदभार संभाला

**चंडीगढ़/अमृतसर (जालंधर ब्रीज).** भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) के 1992 बैच के प्रतिष्ठित अधिकारी डॉ. जीएस फणी किशोर ने भारत के सबसे महत्वपूर्ण और विस्तृत क्षेत्राधिकारों में से एक अमृतसर के मुख्य आयकर आयुक्त के रूप में कार्यभार संभाला है। उनका नेतृत्व पूरे पंजाब, जम्मू और कश्मीर और लद्दाख राज्य की देखरेख करेगा जिससे इस प्रमुख क्षेत्र में कुशल कर प्रशासन और अनुपालन सुनिश्चित होगा। आयकर विभाग में तीन दशकों से अधिक के अनुभव और प्रतिनियुक्ति पर आंध्र प्रदेश सरकार में प्रशासनिक सचिव के रूप में कार्य करने वाले डॉ. किशोर अपने साथ विशेषज्ञता का खजाना लेकर आए हैं।



उन्हें व्यापक रूप से एक परिवर्तनकारी नेता और डिजिटल इनोवेटर के रूप में जाना जाता है, जो नीतिगत प्रगति और संस्थागत सुधारों को आगे बढ़ाने में सहायक रहे हैं। डॉ. किशोर के पास कई प्रतिष्ठित योग्यताएं हैं, जिनमें शामिल हैं: चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए), कॉस्ट एंड मैनेजमेंट अकाउंटेंट (सीएमए), आईआईएम अहमदाबाद से एमबीए, कानून में एलएलबी और एलएलएम, रणनीतिक प्रबंधन में पीएचडी।

Printed, Published & Owner by ATUL SHARMA & Printed at DB Corp Ltd, Near Subhanpur Bus Stand,Hamira, Kapurthala-144802(Punjab) and Published from ATUL SHARMA, NN453 GOPAL NAGAR JALANDHAR (PUNJAB)
Editor : ATUL SHARMA*
*Responsible for selection of News under the PRB ACT. PUNHIN/2019/77863, All Rights Reserved. Reproduction in whole or in Part without permission is prohibited. All disputes shall be settled at Jalandhar jurisdiction only.